भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 828

उत्तर देने की तारीख 25 जुलाई, 2023
3 श्रावण, 1945 (शक)

ओलंपिक खेलों में कबड्डी

828. श्री जसवंत सिंह सुमनभाई भाभोरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के सर्वाधिक लोकप्रिय खेल कबड्डी को ओलंपिक खेलों में सम्मिलित करने के लिए कभी कोई प्रयास किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने कबड्डी को देश और विदेश में लोकप्रिय बनाने के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): ओलंपिक खेलों में किसी भी खेल विधा को शामिल करने का निर्णय अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा लिया जाता है। अन्य बातों के साथ-साथ आईओसी ने यह निर्धारित किया है कि किसी भी खेल विधा का संचालन अंतरराष्ट्रीय फेडरेशन द्वारा किया जाना चाहिए जो ओलंपिक चार्टर के नियमों का अनुपालन करती हो और वह खेल विधा विश्व में व्यापक स्तर पर खेली जाती हो तथा विभिन्न मानदंडों का पालन करती हो। ओलंपिक खेलों में कबड्डी को शामिल करने का उत्तरदायित्व अंतरराष्ट्रीय कबड्डी फेडरेशन का है।

(ग) और (घ): कबड्डी को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार ने निम्नलिखित पहलें/ प्रयास किए हैं;-

(i) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर तथा गुवाहाटी की खेल सुविधाएं कबड्डी सहित खेलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और खेल स्पर्धाएं आयोजित करने के लिए निशुल्क उपलब्ध हैं।

(ii) खेलो इंडिया यूथ गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कबड्डी को शामिल करना।

(iii) साई सुविधाओं में कबड्डी खिलाड़ियों को कोचिंग।

(iv) विभिन्न कबड्डी खेल स्पर्धाओं के आयोजकों को अपेक्षित अनुमति प्रदान करना। इसके अतिरिक्त, कबड्डी को बढ़ावा देने और इसके विकास के लिए मंत्रालय देश तथा विदेश में प्रशिक्षण और प्रतियोगी एक्स्पोज़र के लिए सहायता प्रदान करके एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) के प्रयासों की पूर्ति कर रहा है।

****